## एक नजर में

### नकाबपोश चोर टॉर्च की रोशनी में ढूंढते रहे सूने मकान, 4 मकानों व गोदाम में लगाई सेंध, एक घर से नकदी-ज्वेलरी पर किया हाथ साफ

**पिपलियामण्डी।** नगर में वार्ड 3 स्थित बस स्टैंड के समीप शगुन गार्डन व गायत्री नगर में शनिवार तड़के चोरी की वारदातों से सनसनी फैल गई। एक ही रात में तीन नकाबपोश चोर बाइक पर सवार होकर पहुंचे और टॉर्च की रोशनी में सूने मकानों की तलाश करते हुए चार घरों और एक गोदाम के ताले चटकाए।




चोरों की हरकतें क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं, जिनमें वे मोहल्ले में घूमते, टॉर्च से मकान जांचते और चोरी की कोशिश करते साफ नजर आ रहे हैं। चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले इलाके के लगभग 10 मकानों के बाहर से सांकलें लगा दी ताकि अंदर के लोग बाहर न निकल सकें और उन्हें चोरी में कोई बाधा न आए। लेकिन मोहल्ले के कुछ सतर्क नागरिकों की नींद खुल गई और जब उन्होंने बाहर निकलने की कोशिश की, तो उन्हें दरवाजे बंद मिले। शोरगुल बढ़ने पर चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। शगुन गार्डन क्षेत्र में चोरों ने रमेश माहेश्वरी के सूने मकान और किराना व्यापारी सुनील घाटिया के गोदाम के ताले तोड़ डाले। वहीं ज्वेलर्स मुकेश सोनी के घर में भी घुसने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी जागरूकता के चलते चोर सफल नहीं हो सके। इसके अलावा गायत्री नगर में चोरों ने प्रभात खरे के मकान को निशाना बनाया। खरे परिवार उस समय घर पर नहीं था। सुबह लौटने पर उन्हें पता चला कि सेफ में रखे करीब 30 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 5 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। पास ही एक अन्य मकान का भी ताला टूटा मिला, लेकिन वहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में तीनों चोर बाइक पर सवार, चेहरे पर नकाब और हाथ में टॉर्च लिए मकानों की तलाश करते नजर आ रहे हैं। इधर एक साथ चोरी वारदातों को लेकर क्षेत्र के रहवासी खासे चिंतित हैं। उन्होंने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर नजर रखने और सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की मांग की है।

### 3,50,000रू. की चोरी करने वाले दो आरोपीगण को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास

**जावद।** श्रीमती शुभा रिछारिया दीक्षित, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद द्वारा 3,50,000 रूपये की चोरी करने वाले दो आरोपीगण (1) सद्दाम पिता ईस्माइल, उम्र-32 वर्ष, निवासी-ईशाकाबाद, निम्बाहेडा (राजस्थान) तथा (2) सोनू शेख पिता रफीक मोहम्मद, उम्र-19 वर्ष, निवासी-पीथलवडीकलां, छोटी सादडी (राजस्थान) को धारा 379 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000-5000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया घटना दिनांक 10 जून 2024 के लगभग 12:20 बजे थाना जावद क्षेत्र में आने वाले जावद-मोरवन मार्ग स्थित चौपड़ा मिल के सामने की हैं। घटना दिनांक को फरियादी नाथुलाल ने थाना जावद में उपस्थित होकर बताया कि वह ग्राम मोड़ी से जावद मोटरसायकल से के.सी.सी. के 3,50,000 रूपए जमा कराने स्टेट बैंक, जावद आया था तो के.सी.सी. जमा कराने वाले अधिकारी ने बोला कि एक महीने बाद रूपए जमा होंगे।



## नवांकुर सखी महोत्सव अन्तर्गत विकास खण्ड गरोठ के ग्राम रोज्या में हरियाली यात्रा निकाली

**रोज्या/नाहरगढ। नवांकुर सखी महोत्सव अन्तर्गत विकास खण्ड गरोठ के ग्राम रोज्या में हरियाली यात्रा का आयोजन हुआ। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों के 1565 सेक्टरों में हरियाली अमावस्या 24 जुलाई से आगामी 05 दिन तक नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।** प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। मप्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार किये गये।अभियान के तहत प्रदेश में 1 लाख 56 हजार 500 नवांकुर सखियों द्वारा 17 लाख 21 हजार 500 पौधे तैयार किए जाएंगे। ये पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान में आगामी वर्षों में रोपित होंगे।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम बामणी (सामाजिक एवं पर्यावरण जनजागरण समिति) द्वारा 26 जुलाई को मन्दसौर जिले के गरोठ विकासखंड सेक्टर गरोठ के ग्राम रोज्या में नवांकुर सखी योजना अंतर्गत हरियाली यात्रा बड़ी धुमधाम से की निकाली गई। जिसके माध्यम से जन अभियान परिषद में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के लिए गरोठ सेक्टर में 100 नवांकुर सखियों को जोड़ा गया है। इसके तहत बीज रोपित थैली का वितरण हुआ जो वर्ष भर नवांकुर सखी अपने घर में इस पौधे की देखरेख करेंगी।

> कार्यक्रम में मुख्य अथिति रामलाल सुर्यवंशी, शम्भूलाल सुर्यवंशी, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मदनसिंह, नन्दकिशोर प्रजापति एवं नवांकुर सखीया, ग्रामीणजन उपस्थित थे। यह जानकारी नारायण सिंह निनामा ने दी है।

## सीसी रोड का भूमि पूजन आज

**नीमच।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 में जैन समाज के आराधना भवन से नंदलाल जी शर्मा के मकान तक सीसी रोड का निर्माण का रविवार को प्रात: 10:30 बजे जैन संत ध्यान कीर्ति विजय जी महाराज साहब ,विधायक दिलीप सिंह जी परिहार एवं नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, वैश्य समाज अध्यक्ष सन्तोष चोपड़ा सभापति मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव मंडल कोषाध्यक्ष मनीष जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश जैन ,,पार्षद दुर्गा शंकर भील सुमित्रा मुकेश पोरवाल हरगोविंद दीवान ।

सन्तोष पंजाबी समाजसेवी , श्री वासु पूज्य स्वामी जैन श्वेताम्बर मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष चंद्रराज कोठीफोडा सचिव चंचल श्रीमाल चातुर्मास समिति अध्यक्ष बसंतीलाल नपावलिया शौकीन पामेचा की उपस्थिति में संपन्न होगा। पार्षद पोरवाल ने बताया कि लगभग 1,37,000 की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा लंबे समय से जैन समाज द्वारा मांग की जा रही थी पार्षद की पहल पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने प्रकरण तैयार कर टेंडर निकालने की प्रक्रिया संपन्न कराई.




## हरियाली अमावस्या पर माय इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने दी प्रेरणादायक प्रस्तुति

**सीतामऊ। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर सीतामऊ के सूर्याखेड़ा स्थित माय इंग्लिश स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नगर के प्रमुख स्थानों - लदुना चौराहा, बस स्टैंड एवं मोड़ी माता चौराहा पर वृक्षारोपण के महत्व और वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को लेकर प्रेरणादायक और मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।**

विद्यार्थियों की यह सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता गतिविधि न केवल दर्शकों को आकर्षित कर रही थी, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी दे रही थी।

विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति को सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

## नवांकुर संस्था बाजखेड़ी द्वारा हरियाली यात्रा का आयोजन किया



- यात्रा मे नवांकुर सखियां को 11 बीज रोपित थैलियो का वितरण किया गया

**मंदसौर।** म.प्र.जन अभियान परिषद के नेतृत्व में नवांकुर सखी योजना अंतर्गत ग्राम अरनिया निजामुद्दीन में नवांकुर संस्था बाजखेडी सेक्टर मंदसौर द्वारा हरियाली यात्रा का आयोजन शिव मंदिर परिसर से शुरुआत की गई, यात्रा में मुख्य अतिथि सरपंच ललिता अहिरवार, मेनपुरिया सरपंच प्रतिनिधी ओकारलाल माली, अरनिया ग्राम पंचायत उपसंरपच मुबारिक भाई द्वारा यात्रा की शुरुआत की गई। संस्था सचिव मंजु भावसार ने बताया की सखी यात्रा मे कलश पुजन कर ग्रमीण महिला सखियों को पर्यावरण से जोड़ने की पहल हुई। पर्यावरण को हराभरा एंव प्रदुषण मुक्त बनाकर और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर और उसका अपने बेटे या भाई की तरह पालन पोषण करने को संदेश दिया गया। इस हरियाली यात्रा के माध्यम से दिया बीज और पौधा वितरण किया गया। यात्रा मे नवांकुर सखियां को 11 बीज रोपित थैलियो का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच ललीता अहिरवार, औकारलाल माली, दिनेश सोलंकी, आगनवाड़ी कार्यकता एवं प्राथमिक मीडिल सकुल के शिक्षक शिक्षाकाएं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**एक नजर** — नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति ने निकाली कलश एवं हरियाली यात्रा

## झमाझम बारिश में नवांकुर सखियों की मौजूदगी में सफल पौधारोपण : विधायक

**नाटाराम/नाहरगढ। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक एक के आदर्श ग्राम नाटाराम मे स्वच्छता के आधार पर महिला द्वारा पर्यावरण शिक्षण संरक्षण नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया।** जिसमें झमाझम बारिश में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरदीपसिंह डंग द्वारा बिलपत्र, आम, जामुन, सीताफल तुलसी के पौधे नवांकुर सखीयों के साथ मिलकर लगाये गये। कलश यात्रा एवं पौधारोपण में सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह डंग के साथ ही जनपद सदस्य प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच राधेश्याम जाट, भेरूलाल गुर्जर, मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, परामर्शदाता हरिओम गंधर्व, हेमंत गौड़ उपस्थिति थे। विधायक हरदीपसिंह डंग ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है। साथ ही अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी होने से कार्यक्रम सफल हुआ है। ग्वाल बाल मंदिर पर युवाओं द्वारा किए गए पौधारोपण की भी विधायक द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर राजू जाट ने सराहना करी व अधिक से अधिक पौधारोपण हमें करना चाहिए। विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लेकर भजन कीर्तन किए गए।



# नीमच

## एक नजर में

### अपहृत व्यक्ति कचरूलाल गुर्जर को पुलिस ने 24 घंटे में ग्राम श्योपुरिया से सकुशल किया बरामद

**सिंगोली।** थाना क्षेत्र के ग्राम कवरजी का खेड़ा निवासी कचरूलाल गुर्जर के अपहरण की घटना से आहत ग्रामीण शुक्रवार सुबह से पुलिस थाने पर धरना देकर बैठे थे और कार्यवाही नहीं होने पर चक्काजाम और पुलिस वाहन में तोड़फोड़ कर दिया था थाना प्रभारी बी एल भाबर की काफी समझाइश के बाद जाम खोला गया।उक्त घटना के बाद एसडीओपी रोहित राठौर, रतनगढ़ टी आई वीरेंद्र झा सहित अन्य अधिकारी सिंगोली पहुंचे और अलग अलग टीमें बनाकर सर्चिंग शुरू की शुक्रवार शाम से जारी कचरूलाल गुर्जर की तलाश शनिवार सुबह पूरी हुई।इस संबंध में थाना प्रभारी बी एल भाबर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, एसडीओपी रोहित राठौर के निर्देशन में पूरा सर्च ऑपरेशन चलाया गया जिसमें अपहृत कचरूलाल गुर्जर को ग्राम श्योपुरिया के पास से सुबह 10 बजे करीब सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। वही अपहरण कर्ता आरोपियों की तलाश जारी है।थाना प्रभारी ने बताया कि कचरूलाल को आरोपी श्योपुरिया के पास छोड़कर फरार हो गए थे जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।बता दें कि कचरूलाल गुर्जर के परिजन एवं ग्रामवासी पूरी रात थाने पर मौजूद रहे उनका कहना था कि जब तक कचरूलाल नहीं मिल जाता हम यहां से नहीं हटेंगे। आखिर दोपहर करीब डेढ़ बजे कचरूलाल गुर्जर को पुलिस सकुशल सिंगोली थाने लाई तब जाकर परिवारजन और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।कचरूलाल की तलाश में थाना प्रभारी बी एल भाबर, ए एस आई शिवराज सिंह, प्रधान आर आर पी सिंह, आर रामकरण, आर सुनील डिंडोर, रिंकू जाट, आर रविन्द्र पाटीदार, आर महेंद्र सहित रतनगढ़ एवं अन्य थानों की पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### उपजेल जावद में आध्यात्मिक शिविर संपन्न



**नीमच।** उप जेल जावद में शुक्रवार को मैत्रीबोध परिवार ,कर्जत, महाराष्ट्र द्वारा बंदियों के लिए आध्यात्मिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शांतिक्षेत्र प्रेमगिरी आश्रम के मैत्रेय दादाश्री की प्रेरणा से बंदियों के भीतर प्रेम,ज्ञान और मित्रता को जागृत करने मैत्रीसंबोध ध्यान एवं प्रवचन किए गए। मैत्रीबोध परिवार से मैत्री वंदना जी, नलिनी जी , मृदुला जी, और मित्र फ़लक्ष द्वारा प्रार्थना एवं खुद स्वस्थ रखने की विधि बताई गई। अपने मन की हर बात एक दूसरे से साझा कर, आंतरिक शान्ति और राहत प्राप्त करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सहायक जेल अधीक्षक डॉ अंशुल गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## पीएमएफईयोजना से लाभांवित युवा किसान द्वारा खाद्य तेल प्रसंस्करण लघु उद्योग स्थापित

- प्रतिमाह तीस हजार रूपये आय प्राप्त कर रहे है,युवा किसान श्री पाटीदार
- ग्रामीणों को मिल रही है खाद्य तेल एवं खली की सुविधा



नवभारत न्यूज

**नीमच। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (क्करूस्नरूश्व) के तहत नीमच विकासखण्ड के ग्राम केलुखेड़ा के युवा किसान विशाल पाटीदार 3.45 लाख रूपये का ऋण लेकर खाद्य तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग स्थापित कर प्रतिमाह 30 हजार रूपये की कमाई कर आत्मनिर्भर बन गए है।**

युवा किसान श्री विशाल पाटीदार ने हर्कियाखाल चौराहे पर बालाजी लद्यु उद्योग के नाम से अपना स्वंय का खाद्य, तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग स्थापित किया है ।उद्यानिकी विभाग ने उन्हे योजना के तहत 3.45 लाख का ऋण उपलब्ध करवाया है। इस पर शासन द्वारा उन्हे 1.21 लाख रूपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान गई है ।युवा किसान केलुखेड़ा निवासी श्री विशाल पाटीदार अपने इस खाद्य तेल प्रसंस्करण उद्योग के माध्यम से मूगफली,सोयाबीन,एवं अन्य तिलहन का प्रसंस्करण कर तेल निकालकर फिल्टर तेल ग्रामीणों को बाजार से कम मूल्य पर उपल्बध करा रहे है । इस कार्य के लिए उन्हे अच्छा मुनाफा मिल रहा है, साथ ही तेल निकालने के बाद उन्हे खली के रूप में अच्छी गुणवत्ता की खली(पशु आहार) भी मिल रहा है । इसका भी उन्हे अच्छा दाम मिल रहा है । बिजली बिल का भुगतान एवं अन्य खर्च निकालने के बाद विशाल पाटीदार प्रतिमाह 20 हजार रूपये की शुद्व आय प्राप्त कर रहें है । उनका यह लद्यु उद्योग सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर खाद्य तेल एवं खली उपलब्ध होने से ग्राहकों की संख्या भी बढने लगी है। विशाल पाटीदार ने पीएमएफई योजना की बदौलत अपने आप को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थपित कर लिया है । अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन गए है।

> कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को हर्कियाखल चौराहे पर युवा किसान उद्यमी श्री विशाल पाटीदार द्वारा लगाए गये श्री बालाजी खाद्य, तेल प्रसंस्करण लद्यु उद्योग का निरीक्षण कर खाद्य तेल निकालने, खाद्य तेल का फिल्टर करने की प्रकिया का अवलोकन किया और श्री पाटीदार से चर्चा का पीएमएफएमई योजना के तहत मिले ऋण,अनुदान ,मासिक आय,लाभ, विपणन प्रकिया, बिजली की खपत और लागत आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने पीएमएफई योजना के तहत लाभांवित श्री विशाल पाटीदार के उद्योग को सोलर प्रोजेक्ट एवं सहकरिता से लिकेंज करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए है ।



## नवांकुर सखी हरियाली यात्रा की शुरूआत

**नीमच।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा सेक्टर नंबर 4 के ग्राम पंचायत धनेरिया कला अंतर्गत आने वाले गोकुलधाम कॉलोनी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर गोकुलधाम से विष्णेश्वर महादेव मंदिर तक महिलाओं द्वारा कलश एवं भजन कीर्तन के साथ यात्रा निकली की गई तत्पश्चात विष्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नवांकुर सखी को पौधे एवं बीजरोपित थैलिया वितरित की गई ।इन बीज रोपित थैलियों को नवांकुर सखी वर्ष भर देख रख कर इन्हें पौधे के रूप में विकसित करेंगी और वर्ष भर बाद इनका रोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनेगी ।कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं आरोग्य भारती जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मीना जी जायसवाल, श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, ताराचंद जी पाईवाल, संस्था अध्यक्ष जाईन खान भसीन, सचिव संजना ओझा, कोषाध्यक्ष श्वेता खत्री, मेंटर राजकुमारी चौधरी, विद्यार्थी धनवंती एवं समस्त नवांकुर सखी शामिल हुई एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

**एक नजर** — पर्यावरण मित्रों ने मुक्तिधाम में सफाई अभियान चलाया

## पर्यावरण मित्रों ने कारगिल विजय दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान




**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने को संकल्पित संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच विगत 11 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाने में जुटी हुई है अभियान के तहत पर्यावरण मित्रों ने शनिवार दिनांक 26 जुलाई को प्रात: 8 से 10 बजे तक रोडवेज बस स्टैंड नीमच सिटी मार्ग स्थित मुक्ती धाम के समीप आरोग्य संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 2 घंटे श्रमदान कर परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी, फटे पुराने कपड़े गंदा कचरा आदि 1 ट्राली से अधिक एकत्रित कर अलग अलग ढेर लगाए एवं परिसर से गाजर घास, कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई की गई, इस अवसर पर संस्था संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था सदस्यों द्वारा नि स्वार्थ भावना से शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु नियमित एवं साप्ताहिक अभियान चलाकर आमजन एवं शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है, पर्यावरण मित्रों के स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों से नीमच शहर ही नहीं बल्कि जिले भर में जागरूकता आई है, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाना हम सभी का दायित्व है, घरों एवं दुकानो से निकलने वाला गीला सुखा गंदा कचरा अलग अलग डस्टबिन में एकत्रित कर नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही गंदा कचरा डालें, यदि कोई गंदा कचरा नाली या सड़क किनारे गंदा कचरा फैके तो उसे रोकें टोकें,यह शहर आपका अपना शहर है इसे स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाना हम सभी का कर्तव्य है। 2 घंटे चले श्रमदान अभियान में संस्था संरक्षक नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, सुकुमार आगार, केशव सिंह चौहान आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था के सुकुमार आगार ने दी है।

## नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार कर किया गर्भवती, अज्ञात आरोपी चढ़ा बघाना पुलिस के हत्थे

- रिश्तेदार ही निकला बलात्कारी, एसपी अंकित जायसवाल ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

**नीमच। एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन, एएसपी नवलसिंह सिसौदिया एवं सीएसपी किरण कीरण चौहान के मार्गदर्शन तथा बघाना थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार कर गर्भवती करने वाले अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त की गई है।**17.07.2025 को फरियादिया अपनी नाबालिग बेटी को पेट में दर्द होने से ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय लेकर आयी जहा पता चला कि, उसकी नाबालिग बेटी करीबन 6 माह के गर्भ से है। फरियादिया द्वारा थाना बघाना पर उपस्थित होकर अज्ञात आरोपी के विरूद्व उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती कर देने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिस पर से पुलिस थाना बघाना पर पॉक्सो एक्ट का पंजीबध्द कर मामला विवेचना में लिया गया।नाबालिग बालिका संबंधी अपराध होने से एसपी अंकित जायसवाल द्वारा थाना प्रभारी बघाना को नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले अज्ञात आरोपी की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी बघाना द्वारा प्रकरण में बेसिक पुलिसिंग के माध्यम से पीड़िता एवं पीड़िता के परिवार के सभी सदस्यों से पृथक-पृथक बारिकी से पुछताछ कर आरोपी के बारे में पतारसी की गई। उक्त प्रकरण में सायबर सेल नीमच का भी विशेष योगदान रहा ।